 **वियोज्य** ***DETACHABLE***

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र II)

# ECONOMICS (Paper II)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।

जहाँ आवश्यक हो, आलेख/चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**1.(a)** उन कारकों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए जिनके कारण भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान हस्तशिल्प का ह्रास हुआ ।

Outline the factors that caused decline of handicrafts during British rule in India. 10

**1.(b)** भारत में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विशेषताओं की विवेचना कीजिए तथा इसके कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं का उल्लेख कीजिए ।

Discuss the features of targeted Public Distribution System in India and point out the obstacles in its implementation. 10

**1.(c)** भारतीय आर्थिक आयोजन में सी. एन. वकील के योगदान को चिह्नित कीजिए ।

Point out the contribution of C. N. Vakil to Indian Economic Planning. 10

**1.(d)** 73 वें तथा 74 वें संवैधानिक संशोधन द्वारा महिला सशक्तिकरण पर पड़ने वाले प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष प्रभावों का वर्णन कीजिए ।

Describe the direct and indirect effects on women empowerment through 73rd and 74th Constitutional amendments. 10

**1.(e)** ब्रिटिश भारत की अवधि में, भू-धारण प्रणाली का भारतीय कृषि पर प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

Examine the impact of land tenure system during British India on Indian agriculture. 10

**2.(a)** विगत पांच दशकों में राष्ट्रीय आय की प्रवृत्ति तथा इसकी क्षेत्रीय संरचना की प्रमुख विशेषताओं को चिह्नांकित कीजिए ।

Highlight the major features of National Income trend and its sectoral composition during the last five decades. 20

**2.(b)** उन कारकों को संक्षेप में बताइये जिनके फलस्वरूप देश में भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई ।

Describe in brief the factors that led to the establishment of Reserve Bank of India (RBI) in the country. 15

**2.(c)** विवेचना कीजिए कि किस प्रकार हरित क्रान्ति ने भारत में देशज फसलों को प्रभावित किया है । उत्पादकता में सुधार हेतु, सरकार द्वारा बाद के वर्षों में कौन से उपाय शुरू किए गये हैं ?

Discuss, how the green revolution has affected the indigenous crops in India ? What measures have been initiated by the Government in the later years to improve the productivity ? 15

**3.(a)** क्या आपको लगता है कि बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एम पी आई) गरीबी के माप का श्रेष्ठतर माप है ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए । एम पी आई के सन्दर्भ में, भारत की क्या स्थिति है ?

Do you think that Multi Dimensional Poverty Index (MPI) is a better measure of poverty ? Give reasons in support of your answer. What is the position of India in respect of MPI ? 20

**3.(b)** स्वतंत्रतापूर्व भारत में जूट उद्योग के विकास की विवेचना कीजिए । इस उद्योग द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख समस्यायें क्या थीं ?

Discuss the development of Jute industry during pre-independent India. What were the main problems faced by this industry ? 15

3.(c) 'लघु तथा कुटीर उद्योग देशज उद्यमिता को बढ़ावा देते हैं'। भारत के सन्दर्भ में, इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

'The small and cottage industries promote indigenous entrepreneurship'. Comment on the statement with respect to India. 15

4.(a) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि भारत में आर्थिक विकास हेतु निजी क्षेत्र एक प्रमुख चालक है ? अपने उत्तर के पक्ष में कारण दीजिए।

Do you subscribe to the view that private sector is a key driver to economic development of India ? Give reasons in support of your answer. 20

4.(b) उदारीकरण की अवधि में, आर्थिक संवृद्धि ने भारत में आय के वितरण में गिरावट पैदा की है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

The economic growth has caused deterioration in income distribution in India during liberalisation period. Comment. 15

4.(c) भारत में कृषि क्षेत्र में ऊर्जा तथा सिंचाई हेतु सहायकी की निरन्तरता को बनाए रखने के औचित्य का परीक्षण कीजिए।

Discuss the rationale for continuance of power and irrigation subsidy in the agriculture sector in India. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) आपके मत में, क्या भारत का विकास आयोजन केन्द्रीकृत आयोजन से सांकेतिक आयोजन, तत्पश्चात् बाजार-आधारित विकास की ओर संक्रमण है ? स्पष्ट कीजिए।

Do you think that Indian development planning is a transition from centralised planning to indicative planning and subsequently to market based development ? Explain. 10

5.(b) विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों के कारण, भारतीय कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों की संभावनाओं तथा चुनौतियों की विवेचना कीजिए।

Discuss the prospects and challenges faced by Indian Agriculture due to World Trade Organisation (WTO) provisions. 10

5.(c) भारत में महामारी की अवधि में ग्रामीण मजदूरी-दरों में धीमी वृद्धि के कारण, आर्थिक पुनरुत्थान की चुनौतियों का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the challenges for economic recovery in India posed by sluggish growth in rural wage rates during the pandemic period. 10

5.(d) क्या आपको लगता है कि विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का प्रवाह भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए सदैव अच्छा होगा ? आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Do you think that flow of Foreign Direct Investment (FDI) would always be good for the growth of Indian economy ? Critically analyse. 10

5.(e) हाल के वर्षों में, भारत में और अधिक सार्वजनिक व्यय करने की वांछनीयता की विवेचना कीजिए।

Discuss the desirability of increased public expenditure in India in recent years. 10

6. (a) विनिमय दर प्रबन्धन का उद्देश्य क्या है ? आपके विचार में, क्या विनिमय दर प्रबन्धन की वर्तमान व्यवस्था, भारत में पर्याप्त विदेशी विनिमय भण्डार बनाये रखने में संतोषप्रद है ? विवेचना कीजिए ।

What is the objective of exchange rate management ? Do you think that the present regime of exchange rate management has been satisfactory in terms of building adequate foreign exchange reserves in India ? Discuss. 20

6. (b) कौशल विकास और उद्यमिता पर राष्ट्रीय नीति 2015 की प्रमुख विशेषताओं को चिह्नांकित कीजिए ।

Highlight the main features of National Policy for Skill Development and Entrepreneurship 2015. 15

6. (c) सेवा में व्यापार पर सामान्य समझौता (गैट्स) का प्रमुख उद्देश्य क्या है ? इसके अन्तर्गत कौन सी सेवायें आच्छादित हैं ? उन तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनके अन्तर्गत सेबाओं की आपूर्ति की जाती है ।

What is the main purpose of General Agreement on Trade in Services (GATS) ? What are the services covered under it ? State the modes under which the services are supplied. 15

7. (a) वर्ष 1970 के बाद से, भारत में विभिन्न गरीबी निवारण कार्यक्रमों की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

Critically examine the various poverty alleviation programmes in India since 1970's. 20

7. (b) चालू खाता परिवर्तनीयता तथा पूंजी खाता परिवर्तनीयता में भेद कीजिए । तारापोर समिति-I द्वारा पूंजी खाता परिवर्तनीयता को अपनाने के लिए किन पूर्व-शर्तों की अनुशंसा की गई थी ?

Differentiate between Current Account convertibility and Capital Account convertibility. What were the pre-conditions recommended by Tarapore Committee-I for adopting Capital Account convertibility. 15

7. (c) मौद्रिक नीति 2022 की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए । इस नीति के उद्देश्य पूर्ववर्ती मौद्रिक नीति से किस सीमा तक भिन्न हैं ?

Describe the main features of Monetary Policy, 2022. How far the objectives of this policy differ from the previous monetary policy ? 15

8. (a) निजीकरण की विभिन्न विधियां कौन सी हैं ? भारत में विनिवेश हेतु सरकार द्वारा अपनायी गई विधियों का उल्लेख कीजिए । भारत में विनिवेश से प्राप्तियों पर टिप्पणी कीजिए ।

What are the various methods of privatisation ? Point out the methods adopted by the government for disinvestment in India. Comment on the proceeds from disinvestment in India. 20

8. (b) विदेशी व्यापार नीति 2021–26 से हमारी क्या प्रत्याशायें हैं ? अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए ।

What are the expectations from Foreign Trade Policy 2021–26 ? Elucidate your answer. 15

8. (c) राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबन्धन (एफ आर बी एम) अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । किस सीमा तक, यह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहा है ?

Point out the main features of Fiscal Responsibility and Budget Management (FRBM) Act. To what extent, it has been successful in achieving the targets ? 15

---